ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ

Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow

(Uttar Pradesh State Government University)

Date: 29/01/2026



भाषा विवि में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच करना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर लगभग 120 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर में डॉक्टरों की टीम द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की जांच शामिल थी। विश्वविद्यालय के कुलपति ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। शिविर में मौजूद डॉक्टरों ने छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी तथा उन्हें नियमित जांच कराने की सलाह दी।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

भाषा विवि में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी द्वारा छात्र सुविधा केंद्र में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण और टाटा 1mg के सक्रिय सहयोग से आयोजित इस शिविर में विश्वविद्यालय के 120 से अधिक छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य समुदाय के स्वास्थ्य स्तर की जांच कर आवश्यक सलाह प्रदान करना था, जो विश्वविद्यालय की स्वास्थ्य-केंद्रित पहलों का हिस्सा है। शिविर में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों का उपयोग कर यूरिक एसिड, ब्लड शुगर, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल के अलावा रक्तचाप और सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। टाटा

1द्बद् के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिपोर्ट प्रदान कीं तथा जीवनशैली सुधार, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम पर उपयोगी सलाह दी। कई प्रतिभागियों को उच्च यूरिक एसिड या कोलेस्ट्रॉल स्तर पाए जाने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श की सिफारिश की गई, जिससे वे स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से पूर्व सावधान हो सके। इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने शिविर का उद्घाटन किया और प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा, ÷ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन स्वास्थ्य हित के लिए अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता बल्कि छात्रों और कर्मचारियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। हम भविष्य में ऐसे और अधिक शिविर आयोजित करेंगे ताकि हर व्यक्ति स्वस्थ जीवन जी सके।फैकल्टी ऑफ फार्मेसी की निदेशक डॉ. शालिनी त्रिपाठी ने शिविर के सफल संचालन पर सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, टाटा 1mg के सहयोग से यह शिविर संभव हो सका। फैकल्टी सदस्यों, छात्र स्वयंसेवकों और स्टाफ की टीमवर्क ने इसे यादगार बनाया। हम आगामी महीनों में विशेषज्ञों के साथ डायबिटीज जागरूकता और कैंसर स्क्रीनिंग जैसे शिविर भी आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।